हिंदी माध्यम
HINDI MEDIUM

# एडवांस हिंदी डिप्लोमा परीक्षा – 2026
# ADVANCE HINDI DIPLOMA EXAMINATION – 2026

## प्रश्नपत्र–1 (खंड–क हिंदी भाषा तथा संरचना)(खंड–ख हिंदी काव्य)
## Question Paper–1 (Part-I Hindi Language and Structure) (Part-II Hindi Poetry)

**पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग**
**Department of Correspondence Courses**
**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
**Central Hindi Directorate**

| | | |
|---|---|---|
| समयः 3 घंटे<br>Time : 3 Hours | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपत्र<br>(Question Paper-Cum Answer Sheet) | पूर्णांक : 100<br>Max. Marks : 100 |

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर हिंदी में लिखें।
Note : Please read all the questions carefully and write down their answers in Hindi.

| परीक्षार्थी इस अंश को भरें<br>To be filled in by the Candidate | कार्यालय उपयोग हेतु<br>For Office Use Only |
|---|---|
| परीक्षा अनुक्रमांक<br>Exam. Roll No............................ | प्राप्तांक<br>Marks Obtained........................ |
| दाखिला संख्या<br>Admission No............................ | परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Sign. of Examiner........................ |
| परीक्षार्थी का नाम<br>Name of the Candidate ...............<br>.......................................... | परीक्षक का नाम व पदनाम<br>Name & Designation of Examiner<br>.......................................... |
| परीक्षा केंद्र<br>Exam. Centre............................ | निरीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Invigilator<br>.......................................... |

**<u>पत्र में 50 – 50 अंकों के दो खंड हैं।</u>**

## <u>खंड – क (हिंदी भाषा तथा संरचना)</u>

प्रश्न–1. बहुविकल्पीय प्रश्न। (½ x10=5)

(1) निम्नलिखित में से कौन–सी वाक्य रचना सही है?

1. मैंने चाय को पिया
2. मैंने चाय पिया
3. मैंने चाय पी
4. उपयुक्त में से कोई नहीं

(2) निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द का चुनाव करें।

1. सरसों
2. दही
3. उजाला
4. शीशा

(3) अकर्मक क्रिया का सही उदाहरण है–

1. पढ़ना
2. सुनना
3. हँसना
4. खाना

(4) कमल हवाई जहाज <u>**से**</u> सफर करता है।
रेखांकित पद किस कारक का उदाहरण है?

1. कर्म
2. संप्रदान
3. करण
4. अपादान

(5) '*उसके हाथ में बहुत सफाई थी*' वाक्य में 'सफाई' का पद-परिचय क्या है?

1. क्रियाविशेषण
2. भाववाचक संज्ञा
3. सर्वनाम
4. विशेषण

(6) निम्नलिखित में से कौन क्रियाविशेषण का एक प्रकार नहीं है?

1. स्थानवाचक
2. रीतिवाचक
3. परिमाणवाचक
4. समूह वाचक

(7) विशेषण-विशेष्य का सही युग्म दर्शाता है-

1. मधुर गायन
2. धीमा चलना
3. रोना हँसना
4. ऊँचा सुनना

(8) हिंदी के विदेशज शब्द भंडार में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अरबी से आगत है?

1. दिलेर
2. सौगात
3. उम्र
4. अटकल

(9) आग के सही पर्यायवाची शब्दों को पहचानें।

i अनिल

ii वह्नि

iii कृशानु

iv पावक

निम्नलिखित में से उचित विकल्प चुनें।

1. केवल i
2. i एवं iv
3. i, ii एवं iv
4. ii, iii एवं iv

| |
|---|
| |
| |
| |
| |

(10) विलोम शब्दों का सही युग्म नहीं है-

i अंतरंग - अनंतरंग

ii उत्कर्ष - अपकर्ष

iii ऊँचा - गहरा

iv उज्ज्वल - मलिन

सुमेलित कीजिए:

1. केवल i
2. उपर्युक्त सभी
3. i एवं iii
4. iii एवं iv

| |
|---|
| |
| |
| |
| |

प्रश्न-2. स्तंभ-1 एवं स्तंभ-2 का मिलान कीजिए। (5)

| | **स्तंभ-1** | **स्तंभ-2** |
|---|---|---|
| (1) | सौंदर्य | प्रेरणार्थक क्रिया |
| (2) | बलिष्ठ | देशज शब्द |
| (3) | कुशलतापूर्वक | यण् संधि |
| (4) | मेरा | भाववाचक संज्ञा |
| (5) | बनवाना | ऊष्म व्यंजन |
| (6) | इत्यादि | क्रियाविशेषण |
| (7) | कोई | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| (8) | और | संबंधकारक |
| (9) | लूट | सार्वनामिक विशेषण |
| (10) | श | समुच्चयबोधक अव्यय |

प्रश्न-3. अति लघु उत्तरीय प्रश्न। (एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (10)

(1) लिपि क्या है? परिभाषित कीजिए।

(2) क्रिया विशेषण के दो उदाहरण वाक्य प्रयोग के द्वारा दीजिए।

(3) वृक्षों के नाम का लिंग निर्धारण सोदाहरण बताइए एवं दो अपवाद भी दीजिए।

(4) ऐसे तीन शब्दों के उदाहरण दीजिए जिनका रूप बहुवचन में नहीं बदलता।

(5) कर्मधारय एवं बहुव्रीहि समास के बीच के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(6) संधि विच्छेद कीजिए: कमलेश, नाविक, सत्याग्रह

(7) शब्द किन्हें कहते हैं? दो उदाहरण दीजिए।

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(8) आबू का नाम भगवान ने ईश्वर भक्तों की सूची में सबसे ऊपर क्यों लिख दिया?

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(9) "गवैया गाता है"-इस वाक्य का अपूर्ण वर्तमान और पूर्ण वर्तमान रूप लिखें।

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(10) बुद्ध के अंगुलिमाल से यह कहने के पीछे कि "लो मैं रुक गया। तुम कब रुकोगे?" का मूल अभिप्राय क्या है?

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

प्रश्न-4. लघु उत्तरीय प्रश्न। (3 से 4 वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (2X5=10)

(1) पाँच ऐसे विदेशज शब्दों का उदाहरण देते हुए उनके हिंदी पर्याय का उल्लेख कीजिए जिनका लिंग निर्धारण हिंदी पर्याय के लिंग के अनुसार होता हो।

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(2) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता को चार वाक्यों में स्पष्ट कीजिए।

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

(3) अनुस्वार और अनुनासिक चिह्न की परिभाषा देते हुए उनका अंतर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

(4) अयादि संधि के नियमों की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

(5) अघोष और सघोष व्यंजन से क्या समझते हैं?

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------

प्रश्न-5. अधोलिखित अनुच्छेदों का पाठ कर उनके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर **अधिकतम पाँच वाक्यों** में दीजिए।

(क) विगत आठ दशकों के दौरान दुनिया-भर में 60 से अधिक स्थलों पर 2000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों को फिर से शुरू करने की माँग इस बात का प्रमाण है कि अतीत के भयानक सबक भुलाए जा चुके हैं या अनदेखे किए जा रहे हैं। परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर विश्व को एक स्वर में बोलना चाहिए और इस प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त करना चाहिए। व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि ही सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों पर रोक लगाने वाला एकमात्र प्रावधान है और यह वैश्विक सुरक्षा के लिए एक आवश्यक तथा सत्यापित किया जा सकने वाला उपकरण है। लेकिन, यह संधि आज भी प्रभावी नहीं हो पाई है। परमाणु परीक्षणों के पीड़ितों और आने वाली पीढ़ियों की ओर से मैं उन सभी देशों से आग्रह करता हूँ जिनकी पुष्टि इस संधि के प्रभावी होने के लिए आवश्यक है कि वह तुरंत और बिना शर्त इसे अनुमोदित करें।

एंटोनियो ग्वाटेरेज
महासचिव, संयुक्त राष्ट्र

(1) परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए किस प्रकार के प्रयास करने हेतु देशों का आह्वान किया गया है? (5)

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(2) विश्व को परमाणु खतरे से मुक्त करने के लिए क्या किया जाना आवश्यक है? (5)

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

(ख) यह विचार कितना रोमांचित करने वाला है कि मनुष्य ने पहले-पहल दूसरे मनुष्य से क्या कहा होगा? उसके कहने का तरीका क्या रहा होगा? क्या वह तरीका पहली बार में इतना कारगर हो सका होगा कि मनुष्य अपने मन की बात को ठीक उसी कुशलता से रख सका हो जैसा वह चाहता था अथवा अनुभव करता था? यह एक जटिल संकल्पना है। आज जब भाषा इतनी विकसित, शब्द भंडार इतने विस्तृत और तकनीकी समायोजन इतने उत्कृष्ट स्तर पर पहुँच चुके हैं, तब भी हमारे मन में कितनी ही ऐसी भावनाएँ होती हैं जिन्हें भाषा के दायरे में लाना संभव नहीं होता। बेटे को विदा करती माँ की डबडबाई आँखें, अपनी बर्बाद फसल पर बिसूरता किसान और किसी दृश्य को निहारते चित्रकार के मन में उठने वाली तरंगों को क्या भाषा आज भी पूर्ण अभिव्यक्ति देने में सक्षम हो सकी है? मनुष्य का मस्तिष्क एक जटिल वैज्ञानिक और भावनात्मक प्रणाली पर काम करता है। इतना ही नहीं, यह मस्तिष्क दिन-ब-दिन और अधिक विकसित होता जा रहा है। अर्थात् मनुष्य की भाषा के लिए चुनौतियाँ तब और बढ़ती जा रही हैं जब विकसित मस्तिष्क के सोचने समझने का दायरा अधिक बड़ा और गति अधिक तेज होती जा रही है।

(1) भाषा अब भी मनुष्य की भावाभिव्यक्ति के उत्तरदायित्व निर्वाह की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकी है। क्यों? (5)

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

(2) एक बिंदु-विशेष पर आकर भाषा भी असहाय हो जाती है। उपयुक्त गद्यांश के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए। (5)

## खंड-ख ( हिंदी काव्य )

प्रश्न-1 बहुविकल्पीय प्रश्न। (½ x10=5)

(1) निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कृष्णभक्ति शाखा के अंतर्गत रखी जाएगी?

1. अनेकार्थमंजरी
2. विनयपत्रिका
3. भक्तमाल
4. ज्ञानमंजरी

(2) सुजान को किस मध्यकालीन कवि की प्रेमिका बताया गया है?

1. बिहारीलाल
2. चतुर्भुज दास
3. घनानंद
4. मतिराम

(3) "भूलोक का गौरव प्रकृति का पूर्ण लीला स्थल यहाँ" -पंक्तियों में कवि का वर्ण्य विषय क्या है?

1. गंगा
2. ब्रजभूमि
3. अयोध्या
4. भारत

(4) निम्नलिखित कवियों से कौन छायावाद के स्तंभ कहे गए?

(i) रामधारी सिंह दिनकर
(ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) मैथिली शरण गुप्त
(iv) महादेवी वर्मा

सही विकल्प चुनें।

1. i, ii, iii एवं iv
2. ii, iii एवं iv
3. i एवं iv
4. ii एवं iv

(5) "वह अलग बैठा होता था,
जब सब निढाल हो सोते थे,
वह शून्य में टकटकी लगाए रहता था।
लेकिन जब गोली चली,
तब सबसे पहले वही मारा गया"

इन पंक्तियों के रचयिता का संबंध है-

1. पहले सप्तक से
2. दूसरे सप्तक से
3. तीसरी सप्तक से
4. चौथा सप्तक से

(6) बंगाल के कवि रवींद्रनाथ ठाकुर पर ---------का प्रभाव माना जाता है-

1. कबीरदास
2. तुलसीदास
3. सूरदास
4. रहीम

(7) 'हिमकिरीटनी' कविता संग्रह के रचयिता हैं-

1. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
2. माखनलाल चतुर्वेदी
3. रामेश्वर शुक्ल अंचल
4. रामधारी सिंह दिनकर

(8) ''मंगल भवन अमंगल हारी
द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी''

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छंद है?

1. दोहा
2. चौपाई
3. सोरठा
4. सवैया

(9) रौद्र रस का स्थायी भाव है-

1. क्रोध
2. विस्मय
3. जुगुप्सा
4. भय

(10) रस का अवयव नहीं है

1. प्रभाव
2. विभाव
3. संचारी भाव
4. अनुभाव

प्रश्न-2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1X10=10)

(1) मधुमालती के रचनाकार------------------हैं।

(2) कृष्ण भक्ति धारा के प्रवर्तक----------------- हैं।

(3) परमाल रासो का दूसरा नाम-----------------है

(4) कवि------------------- 'मैथिलकोकिल' कहे जाते हैं।

(5) 'ब्राह्मण' पत्रिका के संपादक------------------थे।

(6) उपमेय में उपमान की संभावना------------------अलंकार कहलाता है।

(7) नागार्जुन का वास्तविक नाम------------------था।

(8) वर्ष 1984 में 'लोग भूल गए हैं' रचना के लिए --------------------को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(9) "गोरी सेवे सेज पर मुख पर डारे केस" पंक्ति के रचनाकार ----------------- हैं।

(10) कृष्ण भक्ति शाखा मेंभक्त अपने आराध्य को-------------------भाव से देखा है।

प्रश्न–3. लघु उत्तरीय प्रश्न। (3 से 4 वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (5X3=15)

(1) विभाव क्या है? उसके दो प्रकारों का परिचय दीजिए।

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(2) 'मुक्तिबोध का काव्य यथार्थ की निर्मम प्रस्तुति है' इस कथन की विवेचना कीजिए।

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(3) ब्रिटिश सरकार के आर्थिक दोहन से भारतेंदु चिंतित थे। इस कथन के संदर्भ में उनकी कविता के आधार पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

(4) मार्क्सवाद ने हिंदी साहित्य के एक पूरे युग को अपने प्रभाव में ले लिया था। इस तथ्य की सतर्क पुष्टि कीजिए।

(5) रूपक अलंकार की परिभाषा देते हुए दो उदाहरणों द्वारा उसकी व्याख्या कीजिए।

प्रश्न-4. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। (10 वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (10x2=20)

(1) मध्यकालीन हिंदी साहित्य की विभिन्न धाराओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(2) निम्नलिखित में से किन्हीं दो कवियों पर पांच-पांच वाक्यों में टिप्पणी लिखिए।
तुलसीदास, घनानंद, भारतेंदु, जयशंकर प्रसाद, केदारनाथ सिंह

****